संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि 'विश्व क्षय रोग दिवस' 24 मार्च को मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य टीबी से उत्पन्न वैश्विक चुनौती के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

टीबी आज भी एक गंभीर जन स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है, जो विश्वभर में लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। हालांकि, टीबी मुक्त भारत अभियान ने शीघ्र निदान का विस्तार करने, निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करने, पोषण सहायता को सुदृढ़ करने और रोगी देखभाल में सुधार लाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह प्रगति हमारे साझा संकल्प और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की शक्ति को दर्शाती है।

मैं सभी से आग्रह करती हूं कि वे सामूहिक संकल्प के साथ मिलकर कार्य करें, ताकि टीबी को हमेशा के लिए समाप्त किया जा सके।

****